बिना खर्च किया गया शेष वर्ष 2017-18	अनुदान की प्राप्ति वर्ष 2018-19	अनुदान पर ब्याज प्राप्त	व्यवहार में लाये गये अनुदान	बिना खर्च किया गया शेष वर्ष 2018-19
(1)	(2)	(3)	(4)	(5= 1+2+3-4)
113.53	699.57	7.55	418.77	401.88

12.6 पुनर्स्थापना शिविर

(i) **मानांकन - सह - वितरण शिविर :**

पुनर्वास संबन्धी सहायक यन्त्र एवं उपकरणों के वितरण के लिए मानांकन सह वितरण शिबिरों का आयोजन किया गया । वर्ष 2018 - 2019 के दौरान

-- आयोजित हुए मानांकन / वितरण शिविर - 8

-- आवंटित किए गए पुनर्वास संबंधी सहायक यत्र एवं उपकरण - 919

-- लाभार्थीयों की संख्या - 656

शिविर, मुहैया कराए गए पुनर्वास संबंधी सहायक यन्त्र तथा उपकरणों की संख्या एवं लाभान्वितों की संख्या आगे दर्शायी गयी है ।

वर्ष 2018-2019 के दौरान

मानांकन - सह - वितरण शिविर का विसृत विवरण

क्रमांक	जिला	शिविर तिथि	वितरण शिविर	
			वितरित किए गए सहायक यंत्र एवं उपकरण	लाभार्थियों की संख्या
1.	सी.आर.सी. बलांगीर	21.05.2018	27	27
2.	मालकानगीर, ओडिशा	26.07.2018	258	141
3.	मेदिनपुर, पश्चिम बंग	22.10.2018	19	19
4.	मालकानगीर, ओडिशा	13.11.2018	444	354
5.	माहांगा, ओडिशा	16.12.2018	24	17
6.	सी.आर.सी. गुवाहाटी, आसाम	10.01.2019	5	5
7.	टाटा, याजपुर, ओडिशा	31.01.2019	24	20
8.	गोप, ओडिशा	14.02.2019	118	73
	कुल		**919**	**656**

❑❑❑

अध्याय - 13

प्रशासन विभाग

13.1 प्रस्तावना

31 मार्च 2019 को संस्थान में 142 (कुल मंजूर पद 213 हैं) समर्पित कर्मचारी नियुक्त हैं । संस्थान का चार्ट अनुलग्नक-C के साथ दिया गया है । वर्ष के दौरान 15 स्टाफ सेवानिवृत्त हुए एवं 03 स्टाफ सहायक भंडार अधिकारी, संज्ञाहरणविज्ञानी एवं प्राध्यापक/ जी.डी.एम.ओ. एवं 01 स्टाफ का देहांत हुआ है । भारत सरकार की आरक्षण नीति का संस्थान पालन करता रहा है ।

13.2 सामान्य प्रशासन विभाग की स्टाफ क्षमता

विवरण	स्वीकृत पद	पूरित पद	रिक्त पद
संकाय	—	—	—
तकनीकी	05	05	—
प्रशासनिक	54	37	17
कुल	**59**	**42**	**17**

* सिविल एवं अनुरक्षण विभाग की स्टाफ क्षमता :

विवरण	स्वीकृत पद	पूरित पद	रिक्त पद
संकाय	—	—	—
तकनीकी	15	09	06
प्रशासनिक	02	01	01
कुल	**17**	**10**	**07**

13.3 एसवीनिरतार के स्टाफ की संख्या

कर्मचारियों का समूह एवं वर्गवार वितरण नीचे तालिका में दर्शाया गया है :

वर्ग	मंजूर पद	नियुक्ति	रिक्त पद	साधारण	अ.जा.	अ.ज.जा.	अन्य पिछडा वर्ग	भिन्नक्षम	भूत पूर्व सैनिक
क	35	19	16	13	03	01	02	0	0
ख	70	49	21	28	08	05	05	03	0
ग	108	74	34	35	22	11	01	05	0
कुल	**213**	**142**	**71**	**76**	**33**	**17**	**08**	**08**	**0**

* एक दिव्यांग प्रार्थी अ.जा. वर्ग के अंतर्गत एवं ग्रुप 'C' में हैं।



कर्मचारियों की वर्गवार

13.4 संस्थान की संकाय, तकनीकी एवं प्रशासनिक स्टाफ का विवरण

प्रकार	स्वीकृत पद	पूरित पद	रिक्त पद
संकाय	41	27	14
तकनीकी	86	48	38
प्रशासनिक	86	67	19
कुल	**213**	**142**	**71**



कर्मचारियों की वर्गवार

13.5 राजभाषा का कार्यान्वयन

राजभाषा हिन्दी के कार्यान्वयन के लिए संस्थान में एक राजभाषा अनुभाग है । जहां पर कार्यरत सहायक निदेशक रा.भा., हिन्दी अनुवादक राजभाषा के कार्यान्वयन हेतु सतत प्रयत्नशील है । वर्ष 2018-19 के दौरान इस अनुभाग द्वारा किए गए कार्यों का उल्लेख निम्नवत है :

पत्राचार	द्विभाषी	अंग्रेजी
क, ख एवं ग क्षेत्र को भेजे गये सरकारी पत्रों की संख्या	969	1362
राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3(3) के अन्तर्गत जारी कुल सरकारी कागजों की संख्या	129	0
द्विभाषी सॉफ्टवेयर से युक्त कम्प्यूटरों की संख्या	70	0

13.5.1 हिन्दी पखवड़ा समारोह

संस्थान में 01 सितम्बर से 15 सितम्बर 2018 तक **'हिन्दी पखवाड़ा'** समारोह मनाया गया । हिन्दी पखवाड़ा समारोह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसके तहत हिन्दी में (1) श्रृत लिखन प्रतियोगिता, (2) हिन्दी निबंध प्रतियोगिता, (3) हिन्दी अनुवाद, (4) आशु भाषण प्रतियोगिता, (5) कविता पाठ, (6) वादविवाद प्रतियोगिता, (7) टिप्पण - आलेखन प्रतियोगिता और खुला प्रश्नमंच प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया । सफल प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सात्वना (दो) प्रतिभागियों को दिनांक 18.9.2018 को आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में नकद पुरस्कार दिये गये । प्रतियोगिताओं में सफल हुए प्रतिभागियों का सूची क्रमानुसार निम्न प्रकार है । (1) **श्रीमती सरीता साहु,** एम.पी.ओ., **श्रीमती योत्स्ना रानी पात्र**, वरी. आशुलिपिक, डी.ए., **श्रीमती स्वप्ना साहु,** एम.पी.ओ., **श्री प्रशांत कु. राउत,** वरी.सहायक सह प्रभारी अधिकारी ए.डी. 5, **श्री बसंत कुमार नंद,** प्राध्यापक, डी.पी.टी., (2) **श्रीमती जेमा इंक्का,** नर्सिंग सिस्टर, पी.एम.आर.डी., **श्रीमती स्वप्ना साहु,** एम.पी.ओ., **श्री प्रशांत कु. राउत**, वरी.सहायक सह प्रभारी अधिकारी ए.डी. 5, **श्रीमती अपन्ना दास,** सहा. पुस्तकालय एवं सूचना अधिकारी, एल.आई.सी., **श्री राम चंद्र आचार्य,** डेमोनस्ट्रेटर, डी.पी.ओ. (3) **श्रीमती सुजाता महारथी,** डेमोनस्ट्रेटर, डी.पी.टी, **श्रीमती अपन्ना दास,** सहा. पुस्तकालय एवं सूचना अधिकारी, एल.आई.सी., **श्री बसंत कुमार नंद,** प्राध्यापक, डी.पी.टी., **श्री राम चंद्र आचार्य,** डेमोनस्ट्रेटर, डी.पी.ओ., **श्री श्रीकांत महारणा,** प्राध्यापक, डी.पी.ओ. (4) **श्री राम चंद्र आचार्य,** डेमोनस्ट्रेटर, डी.पी.ओ., **श्री बसंत कुमार नंद,** प्राध्यापक, डी.पी.टी., **सुश्री नर्गिस बेगम,** ए.डी. 4, **श्रीमती अपन्ना दास,** सहा. पुस्तकालय एवं सूचना अधिकारी, एल.आई.सी., **श्रीमती सुजाता महारथी,** डेमोनस्ट्रेटर, डी.पी.टी, (5) **श्रीमती सावीत्री हेम्बरम,** कनि. सहायक, ए.डी. 3, **श्रीमती स्वप्ना साहु,** एम.पी.ओ., **श्रीमती सुजाता महारथी,** डेमोनस्ट्रेटर, डी.पी.टी, **श्री श्रीकांत महारणा,** प्राध्यापक, डी.पी.ओ., **श्रीमती सरीता साहु,** एम.पी.ओ., (6) **श्रीमती अपन्ना दास,** सहा. पुस्तकालय एवं सूचना अधिकारी, एल.आई.सी., **श्री प्रशांत कु. राउत,** वरी.सहायक सह प्रभारी अधिकारी ए.डी. 5, **श्री अशोक कुमार महांति,** वरी. लेखा अधिकारी, ए.डी.3, **श्रीमती सुजाता महारथी,** डेमोनस्ट्रेटर, डी.पी.टी, **श्री राम चंद्र आचार्य,** डेमोनस्ट्रेटर, डी.पी.ओ., (7) **श्री. तपन कुमार परिडा,** कनि. सहायक, ए.डी.6, **सुश्री नर्गिस बेगम**, ए.डी. 4, **श्रीमती योत्स्ना रानी पात्र,** वरी. आशुलिपिक, डी.ए., **श्री बसंत कुमार नंद,** प्राध्यापक, डी.पी.टी., **श्री प्रशांत कु. राउत,** वरी.सहायक सह प्रभारी अधिकारी ए.डी. 5 । मुख्य अतिथि के रूप में कटक, ओडिशा से हिन्दी के जाने - मोन लेखिका माननीया **श्रीमती पुष्पा सिंही** को आमंत्रित किया गया । संस्थान में वर्ष के दौरान 10,000 से अधिक हिन्दी शब्दों का प्रयोग करते हुए कार्य करने वाले छे अधिकारी/कर्मचारियों को प्रोत्साहन योजना 2018-19 के अन्तर्गत नकद पुरस्कार प्रदान किये गये ।

13.5.2 हिंदी शिक्षण योजना

हिन्दी शिक्षण योजना के अंतर्गत संस्थान द्वारा अपने रोस्टर के अनुरूप अप्रशिक्षित अधिकारियों/ कर्मचारियों के लिए प्राज्ञ, प्रवीण एवं प्रबोध पाठ्यक्रम के लिए प्रशिक्षण दिलाया जाता है । संस्थान के कुल 142 स्टाफ में से 84 अधिकारी एवं कर्मचारियों को हिन्दी प्रशिक्षण दिलाया गया है । इनमें से 36 कर्मचारी प्राज्ञ, 46 प्रवीण एवं 2 स्टाफ प्रबोध में उत्तीर्ण हुए हैं । बाकि 58 स्टाफ को बनबाये गए रोस्टर के अनुसार प्रशिक्षित कराया जाएगा ।

13.5.3 हिन्दी कार्यशाला

एसवीनिरतार के अधिकारी / कर्मचारियों के लिए सितम्बर 2018 में एक हिन्दी कार्यशाला का आयोजन कराया गया । इस कार्यशाला में कुल 42 स्टाफ ने भाग लिया । इस कार्यशाला में व्याख्यान प्रदान करने के लिए भारतीय स्टेट बैंक, प्रमुख शाखा के प्रबन्धक डॉ. बन बिहारी साहु को अतिथि संकाय के रूप में आमंत्रित किया गया था । कार्यशाला का विषय ''कम्प्यूटर में युनिकोड़ का प्रयोग'' रखा गया था ।

13.5.4 राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक वर्ष में चार बार 20.6.2018, 13.8.2018, 14.12.2018 एवं 20.03.2019 को की गई । इन बैठकों में राजभाषा नीतियों के कार्यान्वयन पर चर्चा हुई एवं सुझाव मिले । इन बैठकों का कार्यवृत्त सामाजिक न्याय एवं सशस्त्रीकरण मंत्रालय, नई दिल्ली, कोलकाता स्थित क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय तथा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, कटक को भेजा गया ।

संस्थान ने न.रा.का.स. की कटक में आयोजित 50 वीं एवं 51वीं बैठक दिनांक 30.05.2018 एवं 30.10.2018 में भाग लिया ।

13.5.5 हिन्दी प्रलेखन

वर्ष 2017-18 के लिये संस्थान की विर्षिक रिपोर्ट का हिन्दी में संकलन एवं मुद्रण किया गया । संस्थान की वेबसाईट का हिन्दी में (http://www.svnirtar.nic.in) नियमित अद्यतन किया जाता है । टैंडरों को भी हिन्दी में होस्ट किया गया ।

13.5.6 हिन्दी पुस्तकालय

संस्था के राजभाषा विभाग की अपनी हिंदी लाइब्रेरी है । यहां स्टाफ, पी.डब्लू.डी. एवं अन्य के लिए 231 पुस्तकें हैं । वर्ष 2018-19 के दौरान कुल रु.21,822/- लागत के 58 संख्या के हिन्दी पुस्तकें हिन्दी पुस्तकालय के लिए खरीद किया गया ।

13.5.7 प्रकाशन

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा

प्रकाशित अर्ध-वार्षिक हिन्दी मैंगजीन ''दिव्यांग'' के खण्ड 3-2018 में हिन्दी अनुभाग के डॉ. दुर्गेश नंदिनी पारमिता दास, हिन्दी अनुवादक द्वारा लिखित एक रचना प्रकाशित हुई ।

13.5.8 सम्मान एवं प्रमाणपत्र

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के दिशानिर्देश अनुसार एसवीनिरतारय को सर्वश्रेष्ठ द्विभाषी वेबसाईट पुरस्कार से नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, कटक द्वारा दि.30.10.2018 को सम्मानित किया गया ।

13.6 आधारभूत विकास

वर्ष 2018-19 के दौरान निम्नलिखित निर्माण व विकास कार्य आरंभ / संपूर्ण किया गया है ।

- रु.136 लाख रुपए अनुमानित लागत के लिए लड़कों के छात्रावास के मरम्मत एवं रंगाई का कार्य सी.पी.ड्ब्ल्यू.डी. को सौंपा गया था । यह कार्य दिसम्बर 2018 में सम्पूर्ण होने की संभावना है ।
- रु.41 लाख अनुमानित लागत के लिए लड़कों के छात्रावास के बैद्युतिक कार्य के नवीकरण कार्य सी.पी.ड्ब्ल्यू.डी. को सौंपा गया था । यह कार्य दिसम्बर 2018 को सम्पूर्ण होने की संभावना है ।
- रु.75 लाख लागत की पैनेल बोर्ड की स्थापना कार्य सी.पी.ड्ब्ल्यू.डी. द्वारा संपूर्ण हो गया है ।
- रु.11 लाख की अनुमोदित लागत के A/B/C टाईप क्वार्टर के चारों तरफ आंतरिक सडकों का मरम्मत कार्य सी.पी.ड्ब्ल्यू.डी. को सौंपा गया है ।
- आर.ई.सी.एल. से सी.एस.आर. सहायता के तहत आनुमानित रु.15.89 करोड रुपये लागत की 100 शैया वाला पुनर्वास सेवा भवन का उपभवन का निर्माण कार्य की परियोजना सी.पी.ड्ब्ल्यू.डी. को सौंपा गया है ।
- रु.15.95 करोड रुपये अनुमोदित लागतकी व्यवसायिक प्रशिक्षण भवन का निर्माण कार्य सी.पी.ड्ब्ल्यू.डी. को सौंपा गया है । कार्य स्थल पर निर्माण कार्य जारी है ।
- स्वच्छ कार्य योजना के तहत रु.24.94 लाख रुपये लागत की स्वीकृत राशि के लिए सुगम्य शोचालय खण्ड का निर्णय कार्य सी.पी.ड्ब्ल्यू.डी. को सौंपा गया है ।
- रु.11 लाख की अनुमोदित लागत के टाईप-II क्वार्टर का रंगाई एवं मरम्मत कार्य सी.पी.ड्ब्ल्यू.डी. द्वारा किया गया है । यह कार्य संपूर्ण होने की स्थिति में है ।
- रु. 52,26,107/- अनुमानित लागत की लडकियों के छात्रावास का मरम्मत एवं नवीकरण का कार्य सी.पी.ड्ब्ल्यू.डी. को सौंपा गया है ।
- रु. 52,12,000/- अनुमानित लागत की लडकियों के छात्रावास के बैद्युतिक कार्य का मरम्मत एवं नवीकरण कार्य सी.पी.ड्ब्ल्यू.डी. को सौंपा गया है ।

- रु.6,90,998/- के अनुमोदित लागत के संस्थान की दक्षिण तरफ के दीवार का निर्माण कार्य सी.पी.ड्ब्ल्यू.डी. को सौंपा गया है ।
- रु.2,48,041/- के अनुमानित लागत के लडकियों के हॉस्टेल -1 के पास के सुरक्षा चौकि का निर्माण कार्य सी.पी.ड्ब्ल्यू.डी. को सौंपा गया है ।
- रु.71,84,045/- के अनुमानित लागत के लडकों के छात्रावास एवं टाईप -II क्वार्टर के समीप नहर के साथ रोड का मरम्मत कार्य सी.पी.ड्ब्ल्यू.डी. को सौंपा गया है ।
- रु.80,64,073/- के अनुमानित लागत के सीवेज उपचार की सुविधा का कार्य सी.पी.ड्ब्ल्यू.डी. को सौंपा गया है ।
- रु.28,76,755/- के अनुमानित लागत के लिए विभिन्न वैद्युतिक कार्य (ए.बी. केवल लगाना, प्रशासन ब्लॉक में प्रमुख पैनेल कार्य, यु.जी. केवलिंग, ए.सी. वायरिंग सहित चार कार्य) सी.पी.ड्ब्ल्यू.डी. को सौंपा गया है ।

13.7 इंटरनेट सेवा

वर्ष के दौरान संस्थान फाईवर ऑप्टिक्स केबलिंग के तहत उपलब्ध 8 एम.वी.पी.एस. लीज्ड इंटरनेट सुविधा द्वारा बी.एस.एन.एल. का व्यवहार करता रहा है ।

13.8 एसवीनिरतार स्टाफ के लिए विकास कार्यक्रम

यह संस्थान सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में अवस्थित है एवं इसके कर्मचारी व्यावसायिक कार्यकलापों से कटे रहते हैं । इसलिये यह संस्थान अपने कर्मचारियों के व्यावसायिक ज्ञान को अद्यतन कराने के लिए अनुवर्ती शिक्षा के रूप में दीर्घकालिक पाठ्यक्रम, कार्यशालाओं, सम्मेलनों / अध्ययन गोष्ठियों / विचार-गोष्ठियों आदि में भाग लेने के लिए भेज कर उन्हें प्रोत्साहित करता आ रहा है ।

(i) डॉ. एस. पी. दास, निदेशक

- दि. 03.07.2018 को नई दिल्ली में ''दिव्यांगजनों के कौशल विकास'' पर आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में भाग लिया ।
- दि. 07.07.2018 से 08.07.2018 तक युनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, मेघालय में हुई सेरेब्राल पालसी अपडेट प्रोग्राम 2018 में भाग लिया ।
- दि. 20.08.2018 को भीम ऑडिटोरीयम, डॉ. आम्बेदकर इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित डी.डी.आर.सी. पर राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया ।
- दि. 30.09.2018 से 31.09.2018 तक सिलोंग, मेघालय में ''दिव्यांगजनों की पुनर्वास के लिए नर्थ-इष्ट स्टाटेजिक प्लान '' पर हुई राष्ट्रीय स्तरीय सेमिनार में भाग लिया ।

- दि. 14.09.2018 को नई दिल्ली में आयोजित डी.डी.आर.सी. पर राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया ।
- इटानगर, अरुणाचल प्रदेश में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया ।
- बांगालोर में ''डिसाबिलिटि ट्रांसफरमेशन एवं 3डी प्रिंटीं फॉर ट्रांसटिबियल सॉकेट डिसाइनिं'' पर आयोजित कार्यशाला में भाग लिया ।
- कोडिसिया ट्रेड फेयर सेंटर, कोयमबटूर में इंडियन ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन का 63 वीं राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया ।

(ii) श्री. आर.आर. सेठी, स्था. उपनिदेशक (का.एवं प्रशा.)

- दि. 05.10.2018 से 06.10.2018 तक नई दिल्ली में आयोजित ''डिसिप्लिनेरी प्रोसिड्यूयर'' पर हुई कार्यशाला में भाग लिया ।
- अशोका होटॅल, नई दिल्ली में आयोजित ग्लोबल आई.टी. चैलेंज फॉर युथ विथ डिसाबिलिटिस में भाग लिया ।
- दि. 25.08.2017 में नई दिल्ली में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम मोड्यूलस ऑफख पी.एफ.एम.एस. (ई.ए.टी) फॉर सेंट्रल सेक्यर स्किम फॉर - 2017-18 में भाग लिया ।

(iii) श्री सत्यजित पट्टनायक, सहा.यंत्री,(मेन.)सिविल

- दि. 21.06.2018 से 23.06.2018 तक शिमला में ''मेटेरियल मैनेजमेंट एंड र्पचेज पॉलीसि 7 प्रोसिड्यूयरर्स , ई.- प्रोक्योरमेंट इन गवर्नमेंट डिपार्टमेंट, अटोनमोस बॉडी'' पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया ।

(iv) श्रीमती डी.एन.पी. दास, हिन्दी अनुवादक एवं श्रीमती सर्मिष्ठा महापात्र, टंकक-लिपिक (आउट सोर्सिंग)

- केन्द्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला में भाग लिया ।

13.9 सूचना का अधिकार अधिनियम का कार्यान्वयन

13.10 संस्थान ने सूचना का अधिकार अधिनियम (आर.टी.आई.), 2005 के तहत जानकारी उपलब्ध कराना जारी रखा है । इसका विवरण संस्थान की वेबसाइट में उपलब्ध है । संस्थान समय समय पर अपने अधिकारियों को जन सूचना अधिकारी, सहायक जन सूचना अधिकारी एवं प्रथम अपील अधिकारी के रूप में कार्य करने के लिए नामित करता आ रहा है । वे दूसरे प्रशासनिक जनशक्ति के उपयोग सहित अपने सामान्य कर्तव्यों के अतिरिक्त इन कार्यों का संपादन करते रहेंगें । आर.टी.आई. कक्ष नामित जन सूचना अधिकारी के कार्यालय से, डी.पी.एंड.ओ. एवं प्रथम अपील अधिकारी का कार्यक्षेत्र नामित प्रथम अधिकारी

के कार्यालय से कार्य करता आ रहा है । डी.ओ.टी. अपील मामलों की निपटान करेंगें । फरवरी 2017 से संस्थान नामित नोडल अधिकारी के द्वारा ऑनलाईन पोर्टल (ऑनलाईन अनुरोध – एवं सिटिजन इंटरफेस एवं लोक अधिकारी इंटरफेस के द्वारा अपील भर्ती कराना) के तहत ऑनलाईन आवेदन प्राप्त कर रहा है ।

संप्रति निम्नलिखित अधिकारी संस्थान में आर.टी.आई संबंधित कार्यों का देख - रेख कर रहे हैं एवं एसवीनिरतार, कटक के प्रोस्थेटिक्स एवं ऑर्थोटिक्स विभाग, प्रशिक्षण भवन से आर.टी.आई. कक्ष कार्यरत है ।

(i) सहायक केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी - **श्री संजीब कुमार सेठी**, वरी. ओटी सह कनि.
प्राध्यापक, एसवीनिरतार, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यंगजन ससक्तिकरण विभाग, भारत सरकार,
ओलटपुर, पोष्ट - बाईरोइ, जिला - कटक
मो.- 0671 - 2805450
फे. 0671 - 2805862
ई-मेल : sanjib.dot@gmail.com

(ii) केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी - **श्री रंजन दास**, प्राध्यापक, (मेकानिकॅल इंजिनियरिं, ग्रे - II)
एसवीनिरतार, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय,
दिव्यंगजन ससक्तिकरण विभाग, भारत सरकार,
ओलटपुर, पोष्ट - बाईरोइ, जिला - कटक
फो. 0671 - 2805450
फे. 0671 - 2805862
ई-मेल : cpio.svnirtar@gmail.com

(iii) अपील प्राधिकारी - **श्रीमती अनुरूपा सेनापति**, सहायक प्रोफेसर (ओ.टी.)
एसवीनिरतार, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय,
दिव्यंगजन ससक्तिकरण विभाग, भारत सरकार,
ओलटपुर, पोष्ट - बाईरोइ, जिला - कटक
फे. 0671 - 2805348
फे. 0671 - 2805862
ई-मेल : nirtar@nic.in

13.11 आर.टी.आई. कक्ष को मुख्यत : निम्न दायित्व सौंपा गया है

(i) सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के धारा 6(3) के तहत प्राप्त आवेदनों से संबंधित सभी कार्य ।

(ii) सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के धारा 6(3) के अन्तर्गत समस्त कार्य जो आवेदनों का उसी संस्थान के अथवा दूसरे संस्थान के मानित जनसूचना अधिकारी को अंतरण के साथ संबंधित हो ।

(iii) सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के अनुसार प्रथम अपील अधिकारी से प्राप्त अपीलों में शामिल होने संबंधित सभी कार्य करना ।

(iv) सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत जन प्राधिकारी को सौंपा गया अन्य दायित्वों का निर्वाह करने संबंधित समस्त कार्य करना ।

* विगत तीन वर्षों में प्राप्त आर.टी.आई. आवेदन पत्रों की संख्या, निपटन किए गए एवं पी.आई.ओ. के विरुद्ध अपील का विस्तृत विवरण ।

क्रम संख्या 1 अप्रैल से 31 मार्च	प्राप्त संख्या	निपटान किए गए संख्या	रिपोर्टेड प्रथम अपील एवं निपटान किए गए मामलों की संख्या	रिपोर्टेड द्वितीय अपील एवं कार्यवाही यदि कोई
2016-2017	62	62	6	Nil
2017-2018	54	54	6	Nil
2018-2019	121	113	12	Nil

13.12 अन्य सूचनाएं

दि. 22.10.2016 से एसवीनिरतार में **आहार केंद्र** का उद्घाटन हुआ एवं यह केंद्र कार्यक्षम भी हुआ, जहां पर रोगियों की देख - रेख कर रहे लोग रु.5/- में भोजन प्राप्त करते हैं । यह कार्यक्रम औडिशा सरकार द्वारा चलाया जा रहा एक सब्सिडी भोजन कार्यक्रम हैं जिसके तहत ग्रामांचल के गरीब लोगों को कम लागत पर भोजन उपलब्ध कराया जाना है । यह उन लोंगों के लिए भी काफी सहायक है जो बहत दूर से आते हैं एवं चिकित्सा के लिए ठहरे हुए हैं ।

❑❑❑

अध्याय - 14

लेखा एवं वित्त विभाग

14.1 प्रवेश

संस्थान संपूर्ण रूप से भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा वित्तपोषित है । संस्थान का लेखा विभाग संस्थान के वित्तीय संचालन का रेकार्ड रखता है । साफ्टवेयर के जरिये वेतन पत्रक एवं दैनंदिन लेखा का अनुरक्षण किया जाता है । लेखा विभाग भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा प्राप्त सहायता अनुदान का रेकार्ड तथा उसके उपयोगिता का रेकार्ड भी रखता है । भारत सरकार द्वारा जारी जी.एफ.आर. प्रक्रिया तथा अन्य दिशानिर्देशों के अनुसार वित्तीय संचालन के अनुवीक्षण करने में लेखा विभाग एक प्रधान भुमिका अदा करता है । नियत सकल अवधि के भीतर संस्थान के वार्षिक लेखा को पूरा करना तथा नियंत्रक और महालेखा परीक्षक, भारत सरकार द्वारा वार्षिक लेखा का लेखापरीक्षण कराना भी इस विभाग का एक प्रमुख कार्य है ।

14.2 विभाग में स्टाफ की स्थिति

विवरण	स्वीकृत पद
संकाय	-
तकनीकी	-
प्रशासनिक	10
कुल	**10**

14.3 वार्षिक रिपोर्ट एवं अंकेक्षित लेखा वर्ष 2016-17

विभाग	प्रस्तुत की तिथि		टिप्पणी
	लोकसभा	राज्य सभा	
वार्षिक लेखा रिपोर्ट एवं अंकेक्षित लेखा वर्ष 2017-18	09.07.2019	10.07.2019	मंत्रालय के पत्र सं 22-29/2019 NI दि.07.08.2019 के तहत ।

14.4 प्रस्तुति, लेखा परीक्षण एवं 2018-19 के वार्षिक लेखा की स्वीकृति

क्र.सं.	घटना	2018-19
1	महालेखाकार के समक्ष वार्षिक लेखा प्रस्तुति की तिथि	28.06.2019
2	लेखा परीक्षण प्रारंभ	02.07.2019
3	लेखा परीक्षण संपन्न	16.07.2019
4	एजी कार्यालय द्वारा जारी ड्राफ्ट लेखा परीक्षण रिपोर्ट	02.08.2019
5	ड्राफ्ट लेखा परीक्षण रिपोर्ट पर संस्थान की टिप्पणी देने की तिथि	06.08.2019
6	अंतिम लेखा परीक्षण रिपोर्ट जारी करने की तिथि	29.10.2019
7	सामान्य परिषद द्वारा लेखा परीक्षण रिपोर्ट के अनुमोदन की तिथि	05.02.2020

14.5 वर्ष 2018-19 के लिए जी.आई.ए. की प्राप्ति, उपयोग एवं अव्ययित शेष

क्र. सं.	लेखा शीर्ष	(रुपये लाख में)					
		01.4.19 के अथ शेष	2018-19 के दौरान प्राप्त अनुदान	2018-19 को जी.आइ.ए परब्याज	कुल	2018-19 उपयोग हुए अनुदान	31.03.19 को यथा अंत शेष
A	**राजस्व**						
i.	सामान्य	-	725.00	-	**725.00**	725.00	-
ii.	अ.जा.	3.63	20.00	-	**23.63**	17.59	6.04
iii.	अ.जा. पूंजी	-	69.00	-	**69.00**	8.87	60.13
iv.	अ.ज.जा.	10.85	10.00	-	**20.85**	20.85	-
v.	अ.ज.जा. पूंजी	-	70.00	-	**70.00**	8.87	61.13
vi.	वेतन	-	2,304.00	-	**2,304.00**	2,304	-
vii.	पूंजी	30.14	500.00	5.67	**535.81**	138.34	397.47
viii.	उत्तर-पूर्व	-	70.00	0.30	**70.30**	70.30	-
ix.	सी.आर.सी. बलांगीर	-	50.00	-	**50.00**	-	50.00
x	सी.आर.सी. रांची	-	36.75	-	**36.75**	7.00	29.75
	कुल	**44.62**	**3,854.75**	**5.79**	**3,905.34**	**3,300.82**	**604.52**
B.	**एडिप**						
i.	मुख्यालय	57.67	400.00	5.49	**463.16**	358.88	104.28
ii.	शिविर गतिविधिआं	55.86	150.00	2.06	**207.92**	59.89	148.03
iii.	एन.ई. कैंप कार्यकलाप	-	149.57	-	**149.57**	-	149.57
	कुल	**113.53**	**699.57**	**7.55**	**820.65**	**418.77**	**401.88**

C	**एसवीनिरतार एस.आई.पी.डी.ए.**	-	531.66	0.42	**532.08**	531.66	0.42
D	**सामान्य एवं लोक जागरूकता**	2.20	-	0.03	**2.23**	2.23	-
E	**आर.ई.सी.एल - सी.एस.आर. अनुदान**	4.18	-	1.04	**5.22**	-	5.22
F	**नालको - सी.एस.आर. अनुदान**	136.33	135.32	2.19	**273.84**	270.78	3.06
G	**सुगम्य शौचालय**	24.96	-	-	**24.96**	-	24.96
H.	**एम.सी.एल. सी.एस.आर.**	-	16.34	0.07	**16.41**	16.22	0.19
I.	**सी.आर.सी. राजनंदगांव**						
i.	वेतन	2.78	96.50	0.13	**99.41**	87.43	11.98
ii.	बेतन छोडकर आवर्ती	9.55	37.50	0.39	**47.44**	42.75	4.69
iii.	अनावर्ती व्यय	18.89	-	0.77	**19.66**	9.40	10.26
iv.	सी.आर.सी. राजनंदगांव एडीप	14.53	-	0.44	**14.97**	14.28	0.69
v.	सी.आर.सी. राजनंदगांव एडीप	6.23	-	0.09	**6.32**	-	6.32
	कुल	**51.98**	**134.00**	**1.82**	**187.80**	**153.86**	**33.94**
J.	**सी.आर.सी. गुवाहाटी**						
1.	**सी.आर.सी. गुवाहाटी**						
i.	वेतन	-	199.50	1.82	**121.32**	121.32	-
ii.	बेतन छोडकर आवर्ती	-	64.25	0.95	**65.20**	65.20	-
iii.	अनावर्ती व्यय	31.17	50.00	0.73	**81.90**	22.11	59.79
2.	**एच.आर.डी.**						
a.	वेतन	34.03	-	-	**34.03**	20.42	13.61
b.	वेतन छोडकर	8.53	-	-	**8.53**	4.17	4.36
c.	अनावर्ती	3.64	-	-	**3.64**	-	3.64
3.	**एस.आई.पी.डी.ए.**						
v	एस.आई.पी.डी.ए.	-	-	0.09	**0.09**	-	0.09
	कुल	**77.37**	**233.75**	**3.59**	**314.71**	**233.22**	**81.49**
	कुल योग	**455.17**	**5,605.39**	**22.68**	**6,083.24**	**4,927.56**	**1,155.68**

14.6 पिछले 5 वर्षों में संस्थान के स्वप्रोद्भूत निम्न प्रकार हैं

आय का स्रोत	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18	2018-19
अस्पताल सेवा	198.45	178.83	312.71	433.09	470.92
शैक्षणिक सेवा	99.39	171.99	153.41	170.60	161.75
अन्य आय	46.10	62.90	52.24	59.90	125.17
कुल आय	**343.94**	**413.72**	**518.36**	**663.59**	**757.84**

❑❑❑

अध्याय - 15

मानव संसाधन विकास (शैक्षणिक विभाग)

15.1 प्रस्तावना

लोगों में जागरुकता बढ़ने के कारण चलन संबंधी विकलांगताओं से ग्रस्त व्यक्तियों को व्यापक पुनर्वास सेवाएं मुहैया कराने के क्षेत्र में संव्यावसायिकों की मांग सदा बढ़ रही है । इस बढ़ती हुई मांग को पूरा करने के लिए तथा सरकारी नीतियों एवं कार्यक्रमों के कार्यान्वयन हेतु संस्थान व्यापक पुनर्वास सेवा के अंतर्गत वर्ष 2018-19 में पांच दीर्घकालिक एवं ग्यारह अल्पकालीन पाठ्यक्र संचलित किये है ।

2.2 इस विभाग में कर्मचारी वर्ग का विवरण नीचे की तालिका में दिया गया है ।

विवरण	स्वीकृत पद	पूरित पद	रिक्त पद
संकाय	--	--	--
तकनीकी	--	--	--
प्रशासनिक	5	5	--
कुल	**5**	**5**	**–**

15.3 दीर्घकालिक पाठ्यक्रम

वर्तमान पाठ्यक्रम का सम्पूर्ण विवरण निम्नप्रकार है :

15.3.1 डिग्री पाठ्यक्रम

(i) भौतिक चिकित्सा में स्नातक (बी.पी.टी.)

संस्थान ने 1987 में भौतिक चिकित्सा में दो स्नातक स्तर के पाठ्यक्रम आरम्भ किये । संप्रति इन दो पाठ्यक्रमों में अंतर्ग्रहण क्षमता प्रत्येक 62 है और इन पाठ्यक्रमों की अवधि साढ़े चार वर्ष (छ: महीने की इंटर्नशिप सहित) है । ये उत्कल विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर से सहबंधित हैं । इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु न्यूनतम योग्यता 10 + 2 (विज्ञान) में, न्यूनतम तीन विषय ले कर अथवा इस के समतुल्य, 50% कुल प्राप्तांक साधारण वर्ग के लिए तथा 40% अ.जा./ज.जा./शारीरिक अक्षम उम्मीदवारों को फिजिक्स, रसायन एवं बायोलाजी । अंग्रेजी एक विषय के रूप में पास करना अनिवार्य है ।

(ii) व्यावसायिक चिकित्सा में स्नातक (बी.ओ.टी.)

संस्थान ने 1987 में व्यावसायिक चिकित्सा में दो स्नातक स्तर के पाठ्यक्रम आरम्भ किये । संप्रति इन दो पाठ्यक्रमों में अंतर्ग्रहण क्षमता प्रत्येक 62 है और इन पाठ्यक्रमों की अवधि साढ़े चार वर्ष (छ:

महीने की इंटर्नशिप सहित) है । ये उत्कल विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर से सहबंधित हैं । इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु न्यूनतम योग्यता 10 + 2 (विज्ञान) में, न्यूनतम तीन विषय ले कर अथवा इस के समतुल्य, 50% कुल प्राप्तांक साधारण वर्ग के लिए तथा 40% अ.जा./ज.जा./शारीरिक अक्षम उम्मीदवारों को फिजिक्स, रसायन एवं बायोलाजी । अंग्रेजी एक विषय के रूप में पास करना अनिवार्य है ।

(iii) प्रोस्थेटिक्स और ऑर्थोटिक्स में स्नातक (बी.पी.ओ.)

एलिम्को की एक खंड की हैसियत से संस्थान में 1976-77 से प्रोस्थेटिक्स एवं आर्थोटिक्स में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम शुरू किया । सम्प्रति संस्थान में प्रोस्थेटिक्स और ऑर्थोटिक्स (बी.पी.ओ.) में चार वर्ष छः माह का (छः माह की इन्टर्नशिप सहित) स्नातक पाठ्यक्रम भी संचालित किया जाता है और यह उत्कल विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर, 1998 से सहबंधित है । इस पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए न्यूनतम योग्यता 10 + 2 अथवा समकक्ष में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित और जीवन विज्ञान सहित सामान्य उम्मीदवारों के लिए 50 प्रतिशत तथा अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / शारीरिक रूप से विकलांग उम्मीद्वारों के लिए न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक होना आवश्यक है । इस पाठ्यक्रम में प्रवेश क्षमता 46 सीट की है ।

(iv) चयन प्रक्रिया

संस्थान एवं राष्ट्रीय गतिशील दिव्यांगजन संस्थान (एन.आई. एल.डी.), कोलकता में इन सभी तीनों पाठ्यक्रमों के लिए उम्मीदवार चयन हेतु 17 जुलाई 2018 में एन.आई. एल.डी, कोलकता एवं एन.आई.पी.एम.ई.डी, चेनेइ, एसवीनिरतार के सहयोग से आयोजित अखिल भारतीय सार्वजनिक प्रवेश परीक्षा (सी.ई.टी.) के आधार पर किया गया । 169 नये उम्मीदवारों ने प्रवेश लिया । भारत सरकार के मानदंडों के अनुसार कुछ सीटें आरक्षित थी ।

15.3.2 स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम

(i) व्यावसायिक चिकित्सा में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम (एम.ओ.टी.)

संस्थान में व्यावसायिक चिकित्सा (एम.ओ.टी.) स्नातकोत्तर डिग्री पाठ्यक्रम में दो वर्ष अवधि के पाठ्यक्रम चलाये जा रहे हैं । इन पाठ्यक्रमों की अवधि दो वर्ष की है । जिनमें प्रवेश क्षमता प्रत्येक 15 सीट की है । ये पाठ्यक्रम उत्कल विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर से सहबंधित हैं । एम. ओ. टी. में 'रिहाबिलिटेशन', 'डेवेलपमेंटल डिसाबिलिटि', 'हैंड रिहाबिलिटेशन' एवं 'न्यूरोलोजी' है ।

(ii) भौतिक चिकित्सा में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम (एम.पी.टी.)

संस्थान में भौतिक चिकित्सा (एम.पी.टी.) स्नातकोत्तर डिग्री पाठ्यक्रम में दो वर्ष अवधि के पाठ्यक्रम चलाये जा रहे हैं । इन पाठ्यक्रमों की अवधि दो वर्ष की है । जिनमें प्रवेश क्षमता प्रत्येक 15 सीट की है । ये

पाठ्यक्रम उत्कल विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर से सहबंधित हैं । एम.पी.टी पाठ्यक्रम में विशेषज्ञता का विषय यथाक्रम 'रिहाबिलिटेशन', 'मस्कोस्केलिटल कन्डीशन', 'न्यूरोलोजी' एवं 'पेडिआट्रिक' है ।

(iii) प्रोस्थेटिक्स और ऑर्थोटिक्स में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम (एम.पी.ओ)

संस्थान में प्रोस्थेटिक्स और ऑर्थोटिक्स (एम.पी.ओ.) स्नातकोत्तर डिग्री पाठ्यक्रम में दो वर्ष अवधि के पाठ्यक्रम चलाये जा रहे हैं । इन पाठ्यक्रमों की अवधि दो वर्ष की है । जिनमें प्रवेश क्षमता प्रत्येक 10 सीट की है । ये पाठ्यक्रम 2016-17 से सुरु हुई है । यह पाठ्यक्रम भारतीय पुनर्वास परिषद (आर.सी.आई.) द्वारा मान्यता प्राप्त है एवं उत्कल विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर से सहबंधित हैं ।

(iv) डी. एन.बी. पी.एम.आर.

वर्ष 2018-2019 के लिए 2 डी.एन.बी. पी.एम.आर.छात्रों ने दाखिला लिया ।

(v) चयन प्रक्रिया

इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए काउन्सेलिंग सम्पन्न हो चुका है । संस्थान द्वारा 01 जुलाई 2018 को आयोजित स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा - 2018 (एम.पी.टी./ एम.ओ.टी./ एम.पी.ओ.) के तहत 39 नए छात्रों ने उपयुक्त पाठ्यक्रम में दाखिल हुए ।

15.4 छात्रों का विवरण

15.4.1 पिछले तीन वर्षों के दौरान छात्रों की प्रवेश क्षमता का विवरण

क्रम संख्या	पाठ्यक्रम का नाम	वर्ष			कुल
		2016-17	2017-18	2018-19	
01	बी.पी.टी.	62	62	62	**186**
02	बी.ओ.टी.	62	62	62	**186**
03	बी.पी.ओ.	46	46	46	**138**
04	एम.पी.टी.	15	15	15	**45**
05	एम.ओ.टी.	15	15	15	**45**
06	डी.एन.बी.	04	04	04 (प्राइमेरी 2सिट एवं सेकंडारी 2 सिट)	**12**
07	एम.पी.ओ.	10	10	10	**30**
	कुल	**204**	**214**	**214**	**642**

15.4.2 पिछले तीन वर्षों के दौरान प्रवेश प्राप्त छात्रों का विवरण :

क्रम संख्या	पाठ्यक्रम का नाम	वर्ष			कुल
		2016-17	2017-18	2018-19	
01	बी.पी.टी.	62	62	62	**186**
02	बी.ओ.टी.	61	62	61	**184**
03	बी.पी.ओ.	46	46	46	**138**
04	एम.पी.टी.	15	15	15	**45**
05	एम.ओ.टी.	15	15	15	**45**
06	डी.एन.बी.	02	02	03	**07**
07	एम.पी.ओ.	10	10	09	**39**
	कुल	**211**	**212**	**211**	**644**

15.4.3 स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों का विवरण

पाठ्यक्रम	साधारण	अ.जा.	अ.ज.जा.	अ.पि.ब.	उत्तरी-पूर्व	कुल
एम.पी.टी.	08	02	01	04	-	**15**
एम.ओ.टी.	08	02	01	04	-	**15**
एम.पी.ओ.	05	02	-	03	-	**10**

15.4.4 स्नातक-पूर्व पाठ्यक्रम का विवरण

पाठ्यक्रम	कुल सीट	साधारण	अ.जा.	अ.ज.जा.	अ.पि.ब.	भीन्नक्षम	जम्मू-कश्मीर	उत्तरी-पूर्व
बी.पी.टी.	**62**	29	09	05	18	01	___	--
बी.ओ.टी.	**62**	29	09	05	18	01	___	--
बी.पी.ओ.	**46**	22	07	03	12	01	___	01

15.4.5 पिछले तीन वर्षों के दौरान उत्तीर्ण छात्रों का विवरण :

क्रम संख्या	पाठ्यक्रम का नाम	वर्ष			कुल
		2016-17	2017-18	2018-19	
01	बी.पी.टी.	53	64	58	**175**
02	बी.ओ.टी.	18	38	25	**81**
03	बी.पी.ओ.	29	36	35	**100**
04	एम.पी.टी.	16	15	16	**48**
05	एम.ओ.टी.	12	13	13	**38**
06	डी.एन.बी.	-	02	-	**02**
	कुल	**128**	**168**	**147**	**444**

* पहले दाखिल हुए छात्र की संख्या उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों की संख्या से मिलते हैं ।

15.5 अल्पकालीन पाठ्यक्रम, सी.एम.ई. कार्यक्रम, कार्यशालाएं आदि

15.5.1 यह संस्थान 1976 से सरकारी एवं गैर-सरकारी संगठनों में सरकारी कर्मचारियों के अभिमुखीकरण के लिए एवं देश भर के पुनर्वास एवं समवर्गी व्यावसायिक कार्मिकों को पुनर्वास का अद्यतन ज्ञान देने के लिए नियमित रूप से अल्पावधि अभिमुखीकरण पाठ्यक्रम (एस.ओ.सी.), सतत स्वास्थ्य शिक्षा (सी.एम.ई.) कार्यक्रम, सतत पुनर्वास शिक्षा कार्यक्रम (सी.आर.ई.), सतत ओ.टी. शिक्षा (सी.ओ.टी.ई.) कार्यक्रम, कार्यशालाओं, संगोष्ठियों आदि का संचालन करता आ रहा है । इसके अतिरिक्त रोगियों, भिन्नक्षम व्यक्तियों के संबंधी, रिश्तेदारों, विद्यालय अध्यापकों के लिए सार्वजनिक जागरुकता पाठ्यक्रम भी चलाए जाते हैं । इसके अतिरिक्त व्यक्तियों में तैयार अंगों को लगाने का प्रशिक्षण देना और कार्य का अनुभव भी प्रदान किया जाता है । इस वर्ष के दौरान 830 प्रतिभागियों के लिए 20 ऐसे पाठ्यक्रम संचालित किये गये । इसका विवरण नीचे की तालिका में दर्शाया गया है ।

15.5.2 अल्पावधि के लिए आयोजित पाठ्यक्रम एवं प्रोग्रामों में भाग लेने वालों की संख्या का विवरण

क्रम संख्या	पाठ्यक्रमों की अवधि	2016-17		2017-18		2018-19	
		पाठ्यक्रमों की संख्या	प्रतिभागियों की संख्या	पाठ्यक्रमों की संख्या	प्रतिभागियों की संख्या	पाठ्यक्रमों की संख्या	प्रतिभागियों की संख्या
1	7 दिन	--	--	01	70	--	--
2	5 दिन	--	--	02	24	--	--
3	2 दिन	7	378	04	170	13	250
4	1 दिन	10	635	12	666	7	580
	कुल	**17**	**1013**	**19**	**964**	**20**	**830**

15.5.3 2018-19 के दौरान आयोजित अल्पावधि प्रशिक्षण कार्यक्रम :

क्र. सं.	तारीख	अल्पावधि पाठ्यक्रम का नाम	प्रतिभागी	प्रतिभागियों की संख्या
1.	04.05.2018	दिव्यांगजनों के देख-रेख करने वालों पर एस.ओ.सी.	गृह नर्स एवं दिव्यांगजनों की देख-रेख करने वाले ।	50
2.	09.05.2018	इलेक्ट्रो एवं रेडिओ डायग्नोसिस	भौतिक चिकित्सक एवं एम.पी.टी. छात्र ।	40
3.	16.05.2018	क्लब फूट करेकशन - पंसेटि मेथड	डाक्टर ।	30
4.	18.07.2018	प्रमस्तिष्क अंगघात - मूल्यांकन एवं निर्णय लेना	पी.एम.आर./ऑर्थो/विशेष बाल चिकित्सक ।	50
5.	08.08.2018	दिव्यांगजनों के पुनर्वास में नर्सिंग की भूमिका	स्टाफ नर्स ।	30
6.	10.08.2018	पहिएदार कुर्सी के आशोधन पर कार्यशाला	अहेता प्राप्त व्यावसायिक चिकित्सक एवं व्यावसायिक चिकित्सा के स्नातकोत्तर विद्यार्थी ।	30
7.	10.10.2018	शल्योपचार कक्ष में उपकरण एवं निसंक्रमण	ओ.टी. तकनीशियन एवं स्टाफ नर्स ।	30
8.	10.10.2018	दबाब प्रबंधन एवं दिव्यांगजनों एवं उनका देख - रेख करने वालों पर इसका प्रभाव पर कार्यशाला	पुनर्वास व्यावसायिक, दिव्यांगजन एवं उनका देख-रेख करनेवाले, दिव्यांगजनों के कल्याण से जुडे एन.जी.ओ./ सरकारी संस्थान के प्रतिनिधि, व्यावसायिक छात्र ।	40
9.	14.11.2018	घात के रोगियों के लिए गृह देख-भाल	घात के मरीज एवं उनका देख - रेख करने वाले ।	60
10.	25.11.2018	क्षति निवारण के लिए कोर स्टाबिलाईजेशन एवं एडवास्ड ट्रंक स्ट्रंग्देनिं प्रोग्राम	खिलाडी ।	100
11.	14.12.2018	बाल चिकित्सा दिव्यांगता एवं पुनर्वास	हाऊस सर्जन, डाक्टर, विशेष बाल चिकित्सक एवं स्नातकोत्तर छात्र ।	50
12.	15.02.2019	सूचना का अधिकार अधिनियम 2016 एवं समाज पर इसका प्रभाव	पुनर्वास व्यावसायिक, दिव्यांगजन एवं उनका देख-रेख करनेवाले, दिव्यांगजनों के कल्याण से जुडे एन.जी.ओ./सरकारी संस्थान के प्रतिनिधि, व्यावसायिक छात्र ।	40
13.	20.02.2019 से 09.04.2018	व्यावसायिक चिकित्सा में प्रारम्भिकों पर संगोष्ठी	अहेताप्राप्त व्यावसायिक चिकित्सक ।	30
14.	13.04.2018 से 20.06.2018	पुनर्वास शल्योपचार पर सामान्य कौशल प्रशिक्षण	स्नातकोत्तर छात्र, पी.एम.आर. के संकाय ।	30
15.	22.06.2018 से 08.09.2018	शल्योपचार उपरांत रोगियों का प्रबंधन	पी.एम.आर.डी. के स्टाफ ।	30
16.	09.09.2018 से 18.09.2018	बायोस्टाटिस्टक पर प्रस्ताबना	संकाय, एम.पी.टी. एम.ओ.टी. एवं एम.पी.ओ. छात्र ।	60
17.	20.09.2018 से 12.11.2018	बी.एल.एस. कार्यशाला	डाक्टर एवं मेडिकल व्यावसायिक ।	50
18.	16.11.2018 से 11.12.2018	शल्योपचार पुनर्वास	पी.एम.आर. विशेषज्ञ एवं स्नातकोत्तर छात्र ।	20
19.	12.12.2018 से 10.01.2019	वैकल्पिक वृद्धि पर कार्यशाला	ब्लॉक के विशेषज्ञ, शिक्षक, छात्र एवं अन्य व्यावसायिक ।	30
20.	10.01.2019 से 11.01.2019	संचार ए.ए.सी. एवं फिडिंग कार्यक्रम पर कार्यशाला	रोगी एवं सी.पी. बच्चें ।	30
			कुल	**830**

15.6 अन्य सूचना :

(i) श्री रश्मी रंजन स्वाईं, प्रशिक्षण समन्वयक :

– दि 01.07.2018 को पी.जी.ई.टी - 2018 के परीक्षा संचालन के लिए दि.26.06.2018 से 04.07.2018 तक ए.वाई.जे.एन.आई. एच.एच., मुंबई में प्रतिनियुक्त हुए ।

(ii) श्री राम चंद्र आचार्य, सहा. प्रशिक्षण समन्वयक :

– दि 01.07.2018 को संपन्न हुई पी.जी.ई.टी - 2018 के परीक्षा संचालन के लिए दि.26.06.2018 से 04.07.2018 तक एन.आई.एल.डी., कोलकता में प्रतिनियुक्त हुए ।

(iii) श्रीमती ज्योत्स्ना रानी पात्र, वरिष्ठ आशुलिपिक एवं सुश्री लतामणी भोई, वरिष्ठ सहायक

– दि 01.07.2018 को संपन्न हुई पी.जी.ई.टी - 2018 के परीक्षा संचालन के लिए दि.26.06.2018 से 04.07.2018 तक एन.आई.ई.पी.एम.डी., चेनेई में प्रतिनियुक्त हुए ।

(iv) श्रीमती अरुंधति राउतराए, हॉष्टेल वार्डन (जी.एच.)

– दि 01.07.2018 को संपन्न हुई पी.जी.ई.टी - 2018 के परीक्षा संचालन के लिए दि.26.06.2018 से 04.07.2018 तक रांची में प्रतिनियुक्त हुए ।

(v) 25 एसवीनिरतार छात्रों के मेधावृत्ति आवेदन प्रपत्र (नए)(वर्ष 2018 के लिए) एवं 89 बकाया आवेदन पत्र (वर्ष 2016-17 के लिए) ऊच्च माध्यमिक शिक्षा, सचिवालय, ओड़िशा सरकार को अग्रेसित किए गए एवं वर्ष 2018-19 के लिए 120 आवेदन प्रपत्र का नवीकरण किया गया ।

(vi) 10 छात्रों का आवेदन पत्र राष्ट्रीय मेधावृत्ति पोर्टल , भारत सरकार को अग्रेषित किया गया ।

(vii) छात्रों के लिए मेट्रिकत्तर वृत्ति आवेदन पत्रों का सत्यापन कराया गया एवं ओडिशा सरकार को वृत्ति के लिए अग्रेषित कराया गया । कुल 87 आवेदन प्रपत्र अग्रेषित कराये गए हैं ।

		नवीकरण	नये
–	अन्य.पिछडे वर्ग	39	04
–	आ.जा.	26	06
–	अ.ज.जा.	08	04

❑❑❑

अध्याय - 16

दिव्यांगजनों के लिए कौशल विकास, पुनर्वास व सशक्तिकरण समेकित क्षेत्रीय केंद्र (सी.आर.सी.), गुवाहाटी

16.1 प्रस्तावना

दिव्यांगजनों के लिए कौशल विकास, पुनर्वास व सशक्तिकरण समेकित क्षेत्रीय केंद्र (सी.आर.सी.) गुवाहाटी, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्थापित एम अभिनव प्रयास । गुवाहाटी मेडिकॅल कॅलेज एवं अस्पताल परिसर, भंगगढ़, गुवाहाटी , असम-781032 में स्थित अपने स्थायी परिसर में यह केन्द्र कार्य कर रहा है ।

16.2 केंद्र में स्टाफ की स्थिति

मंजूरी कृत पद	भरती पद	रिक्त पद	कंट्राक्चुअल
20	11	09	07

16.3 केंद्र के मुख्य उद्देश्य :

(i) भिन्नक्षमों के पुनर्स्थापन एवं विशेष प्रशिक्षण हेतु संस्थान केंद्र के रूप में कार्य करेगा ।

(ii) वर्तमान मेडिकल शैक्षिक एवं नौकरी सेवाओं के बीच संपर्क स्थापित करें । इसमें सामुदायिक आधारित पुनर्स्थापन के सिद्धांत का अनुपालन करे । इसके साथ ग्रामीण क्षेत्र में विस्तार सेवायें प्रदान करेगा ।

(iii) भिन्नक्षमों की सेवा में सरकारी, गैर सरकारी क्षेत्र के कार्यकर्त्ताओं, प्रोफेशनलों, ग्राम स्तरीय कार्यकर्ताओं, बहु - पुनर्स्थापना कार्यकर्ताओं को पुनर्स्थापना प्रशिक्षण देना ।

(iv) मानव संसाधन विकास का काम, दिव्यांगजनों को सरकारी एवं गैर-सरकारी स्तर पर पुनर्वास व्यवसायिकों, ग्राम्य-स्तरीय कार्यकर्ता, बहु-पुनर्वास कर्मकर्ता एवं अन्य पदधारी ।

(v) क्षेत्र के सामाजिक - सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से तालमेल हो रहे कार्यनीति अथवा पुनर्वास सेवा प्रदान करने की रणनीति का विकास करना ।

(vi) क्षेत्र में भिन्नक्षमता को ध्यान में रख, उसकी गहनता की दृष्टि से, विभिन्न ग्रुपों की आवश्यकताओं के संदर्भ में अनुसंधान और विकास करना । उत्तर-पूर्व क्षेत्र में विभिन्न दिव्यांगजनों के आवश्यकता के विशेष संदर्भ में अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रम को हाथ में लेना ।

(vii) अभिभावकों एवं समुदाय में सचेतनता पैदा करने जनशिक्षा कार्यक्रम आयोजित करना ।

(viii) दिव्यांगजनों में पुनर्वास संबंधी सहायक यंत्र एवं उपकरण के डिजाईन, निर्माण एवं फिटमेंट कार्य को चलाना ।

(ix) रोजगार, पुनर्वास, गतिशीलता, संप्रेषण, समाजकी अखंडता एवं मनोविनोद की वृद्धि के लिए शिक्षा एवं दक्षता विकास सेवा को हाथ में लेना ।

16.4 सेवा :

केंद्र में पुनर्स्थापन सेवायें प्रदान की जाती हैं

क्र.सं.	सेवा का नाम	2016-17	2017-18	2018-19
1.	ओ.पी.डी./न्यू कैस	6808	2473	2470
2.	अनुवर्ती	--	4242	4510
3.	पी.एम.आर.	--	492	2392
4.	फीजियोथेरापी	2949	2497	3403
5.	आकूपेशनल थेरापी	2412	2622	2853
6.	वाक एवं श्रवण	4546	6105	5467
7.	प्रोस्थेटिक एवं आर्थोटिक	960	1075	420
8.	मनोचिकित्सा सेवा	2363	3001	3034
9.	मानसिक मंदता (एम.आर.)	1750	1902	514
10.	विशेष शिक्षण	2014	2034	2395
11.	वोकेशनल सेवायें	1287	2171	2587
12.	यंत्र एवं उपकरण वितरण	--	--	--
13.	उत्तर पूर्व गतिविधियां	--	2071	--
	कुल	**25,089**	**30,685**	**30,045**

16.5 मानांकन सह वितरण शिविर

वर्ष 2018-19 के दौरान संचलित पहचान, मानांकन एवं आबंटन शिविर	देखे गए कुल दिव्यांगजनों की संख्या	आबंटित पुनर्वास संबंधित सहायक यंत्र एवं उपकरणों की संख्या
01	301	301

16.6 गैर - सरकारी संगठनों का किया गया निरीक्षण एवं अनुवीक्षण

क्रमांक	निरीक्षण विवरण	द्वारा निगरानी की गई
1.	कोहिमा, नैगालेण्ड में ''पार्क ऑफ पी.ड्ब्ल्यू.डी'' का दौरा किया ।	डॉ. निलो जेड. किबा, सहा. प्रोफेसर (पी.एम.आर.)
2.	मणिपुर के थौवाल जिला में ''टाईप राईटिंग एवं ग्रामीण विकास सेवा (टी.ड्ब्ल्यू.आई.आर.डी.एस.)'' का निरीक्षण किया ।	लानु.डब्ल्यू. आईमोल, प्रभारी अधिकारी, सी.आर.सी.एस.आर.ई., गुवाहाटी
3.	ग्रामीण विकास एवं बहुमुखी सोसाइटी, कंण्ठुजाम, जिलां- इंफाल वेस्ट, मणिपुर का निरीक्षण किया ।	लानु.डब्ल्यू. आईमोल, प्रभारी अधिकारी, सी.आर.सी.एस.आर.ई., गुवाहाटी
4.	असम-पंजीकृत, बरपेटा एवं नालवरी में एक नामिकागत प्रशिक्षण सहयोगी ''एसीयन मिशन इंस्टिट्युट'' का निरीक्षण किया ।	सुनिल के.आर.राम, प्रध्यापक, ओ.टी. श्री एम. प्रणव कुमार, व्यावसायिक अनुदेशक
5.	सी.आर.सी., शिंलग के लिए प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण ।	लानु.डब्ल्यू. आईमोल, प्रभारी अधिकारी, सी.आर.सी.एस.आर.ई., गुवाहाटी

16.7 शैक्षणिक कार्यक्रम

केन्द्र पर शैक्षणिक कार्यक्रम

क्रमांक	शेक्षणिक कार्यकलाप	अवधि	प्रवेश क्षमता
1.	श्रवण भाषा एवं वाणी (डी.एच.एल.एस.) में डिप्लोमा ।	1 साल	25
2.	श्रवण विज्ञान एवं वाणी विकृति विज्ञान में स्नातक	4 साल	25
3.	बी.ई.डी. विशेष शिक्षा (श्रवण बाधीत)	2 साल	30

दाखिल हुए विद्यार्थी - 35

16.8 उत्तर-पूर्व गतिविधियां

वर्ष 2018-19 के दौरान दिव्यांगता जागरूकता कार्यक्रम, कार्यशालाएं, सम्मेलन एवं सी.आर.ई आदि आयोजित किए गए । कुल 4532 लाभार्थी शामिल हुए ।

सुश्री शकुंतला डी. गामलिन, आई.ए.एस., सचिव, एवं सुश्री डोलि चक्रवर्त्री, संयुक्त सचिव, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार सी.आर.सी. गुवाहाटी का संकाय कक्ष का उद्घाटन करते हुए ।

सी.आर.सी., गुवाहाटी एवं एसवीनिरतार, ओडिशा ने इंडियन अकादमी ऑफ सेरेब्राल पालसी (आई.ए.सी.पी.) के सहयोग से यु.एस.टी.एम., मेघालय में दिनांक 7 एवं 8 जुलाई 2018 को प्रमस्तिष्क अंगघात पर दो राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

असम में दिव्यांगता विश्वविद्यालय की स्थापना के संबंध में प्रमुख सचिव एवं संयुक्त सचिव, सामाजिक न्याय और अधिकारीता मंत्रालय ने सी.आर.सी. के स्टाफ सहित माननीय मुख्यमंत्री, असम से भेंट किया ।

3 दिसम्बर 2018 को सी.आर.सी. स्टाफ के साथ छात्र विश्व दिव्यांगता दिवस का अनुपालन करते हुए ।

अध्याय - 17

समेकित क्षेत्रीय केंद्र (सी.आर.सी.), पुराना जिला अस्पताल कैम्पस, राजनंदगांव, छत्तीसगढ़

17.1 भूमिका :

संयुक्त क्षेत्रीय केन्द्र, राजनंदगांव, छत्तीसगढ़ एसवीनिरतार, कटक के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन स्थापित एवं कार्य कर रही एक केन्द्र है । यहां पर कुल 8 विभाग यथा भौतिक चिकित्सा, व्यावसायिक चिकित्सा, प्रोस्थेटिक एवं ऑर्थोटिक, नैदानिक मनोविज्ञान , वाणी व श्रवण, व्यावसायिक विशेष शिक्षा एवं दृष्टिवाधित विभाग हैं जो दि.25.06.2016 से दिव्यांगजनों को सेवा प्रदान करा रहा है ।

17.2 केंद्र में स्टाफ की स्थिति :

स्वीकृत पद	पूरित पद	रिक्त पद
19	17	02

17.3 उद्देश्य :

- जन समुदाय में जागरुकता पैदा कराने के उद्देश्य से जन शिक्ष्या कार्यक्रम को हाथ में लेना ।
- मौजूदा चिकित्सकीय शैक्षणिक एवं रोजगार सेवा से संबंध - स्थापित कराना ।
- समुदाय आधारित पुनर्वास हेतु जिला प्रशासन एवं गैर-सरकारी संगठनों के साथ सम्पर्क स्थापित कराना ।
- मानव संसाधन विकास कार्यक्रम को हाथ में लेना ।
- शैक्षिक सेवा एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण तथा अनुसंधान कार्य का उत्तरदायित्व लेना ।
- पुनर्वास संबंधित सहायक यन्त्र एवं उपकरणों के डिजाइन, निर्माण एवं लगवाने का दायित्व लेना ।

17.4 सेवाएं

क्रमांक	सेवाओं का नाम	2018-19
1	ओ.पी.डी.	14,848
2.	भौतिक चिकित्सा	8,692
3.	व्यावसायिक चिकित्सा	4,720
4.	वाणी एवं श्रवण	4,559
5.	मनोवैज्ञानिक सेवाएं	4,816
6.	प्रोस्थेटिक एवं ऑर्थोटिक	373
7.	दृष्टि बाधित	3,392
8.	विशेष शिक्षा	--
9.	व्यावसायिक सेवाएं	60
10	वितरित सहायक यंत्र एवं उपकरण	327
कुल		**41,787**

17.5 शैक्षणिक गतिविधियां

इस केन्द्र पर उपलब्ध शैक्षणिक गतिविधियां

क्रमांक	शैक्षणिक गतिविधियां	समय सीमा	प्रवेश क्षमता	छात्र दाखिला लिए
1.	विशेष शिक्षा में डिप्लोमा (मानसिक मंदता)	02 साल	25	15

■ उपर्युक्त शैक्ष्यणिक गतिविधि के अलावा वर्ष 2018-19 के दौरान संयुक्त क्षेत्रीय केन्द्र, राजनंदगांव (सी.ई.), छत्तीसगढ़ भारतीय पुनर्वास परिषद, नई दिल्ली द्वारा अनुमोदित सतत पुनर्वास शिक्षा (सी.आर.ई.) कार्यक्रम एवं माता-पिता प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन करा रहा है । इसका विस्तृत विवरण निम्नप्रकार है

क्रमांक	कार्यक्रम का नाम	कुल सी.आर.ई. कार्यक्रमों की संख्या	अवधि	प्रवेश क्षमता
1.	सतत पुनर्वास शिक्ष्या (सी.आर.ई.)	05	03 दिन प्रत्येकी	30

17.6 मानांकन सह वितरण शिविर

वर्ष 2018-19 के दौरान संचलित पहचान, मानांकन एवं आबंटन शिविर	देखे गए कुल दिव्यांगजनों की संख्या	आबंटित पुनर्वास संबंधित सहायक यंत्र एवं उपकरणों की संख्या
25	2503	217

17.7 गैर - सरकारी संगठनों का किया गया निरीक्षण एवं अनुवीक्षण

प्रथम चरण में सी.आर.सी., राजनंदगांव का उद्देश्य है कि दो अंतराल में दक्षता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम को आरम्भ करोना । **1. आटोमोटिव सर्विस टेकनीशीयन एवं 2. हैंड एम्ब्रएडॉरी** । इसमें प्रत्येक भाग में 30 दिव्यांगजनों की प्रवेश क्षमता है । राजनंदगांव में सुरगुजा **ज्ञानोदय संघ**, सुरजपुर, छत्तीसगढ नाम के गैर सरकारी संगठन के सहयोग से यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है । यह गैर सरकारी संगठन सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के तहत छत्तीसगढ में दिव्यांगजनों के लिए दक्षता विकास प्रशिक्षण के कार्यान्वयन के लिए नामिकागत है ।

सहायक यंत्र एवं उपकरणों का वितरण शिविर

अध्याय - 18

समेकित क्षेत्रीय केंद्र (सी.आर.सी.), बलांगीर

18.1 प्रस्तावना

दिनांक 18.08.2015 को बलांगीर के पुराने सीडी.एम.ओ. भवन में अस्थायी आधार पर एसवीनिरतार सटेलाईट केन्द्र, बलांगीर की स्थापना किया गया । यह केन्द्र भौतिकचिकित्सा एवं व्यावसायिक चिकित्सा के साथ कार्यक्षम है । उसके बाद एसवीनिरतार सटेलाईट केन्द्र को दिव्यांगजनों के लिए समेकित क्षेत्रीय केन्द्र के रूप में उन्नयन कराया गया एवं इस केन्द्र को नवर्निमित अपने भवन में स्थानातंरित किया गया । इस भवन का उद्घाटन दि.21.05.2018 को श्री थावर चंद गेहेलोत ; माननीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री, भारत सरकार एवं श्री धर्मेन्द्र प्रधान, माननीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री, भारत सरकार द्वारा संपन्न हुआ ।

सी.आर.सी., बलांगीर में भौतिक चिकित्सा, व्यावसायिक चिकित्सा, बाक् एवं श्रवण, नैदानिक मनोविज्ञान एवं प्रोस्थेटिक एवं ऑर्थोटिक विभाग कार्यक्षम है ।

18.2 केंद्र में स्टाफ की स्थिति

मंजूरी कृत पद	भरती पद	रिक्त पद	कंट्राक्चुअल
19	-	19	18

* उपरिलिखित पद के लिए विज्ञापन कराये गये हैं एवं बहुत शीघ्र ही इन पदों का भर्ती कराया जाएगा ।

18.3 उद्देश्य

समेकित क्षेत्रीय केन्द्र, बलांगीर के स्थापना का आधारमूत उद्देश्य है प्रशिक्षण एवं जनशक्ति विकास के लिए आवश्यक आधारिक संरचना की सृजन करना, अनुसंधान एवं दिव्यांगजनों को सेवा उपलब्ध कराना, विशेष रूप से देश के उन जगहों पर इन सेवाओं को उपलब्ध कराना जहां पर ऐसे आधारभूत संरचना नहीं हो ।

(i) भिन्नक्षमों के पुनर्स्थापन एवं विशेष प्रशिक्षण हेतु संस्थान क्षेत्रीय केंद्र के रूप में कार्य करेगा ।

(ii) वर्तमान मेडिकल शैक्षिक एवं नौकरी सेवाओं के बीच संपर्क स्थापित करें । इसमें सामुदायिक आधारित पुनर्स्थापन के सिद्धांत का अनुपालन करे । इसके साथ ग्रामीण क्षेत्र में विस्तार सेवायें प्रदान करेगा ।

(iii) भिन्नक्षमों की सेवा में सरकारी, गैर सरकारी क्षेत्र के कार्यकर्त्ताओं, प्रोफेशनलों, ग्राम स्तरीय कार्यकर्ताओं, बहु - पुनर्स्थापना कार्यकर्ताओं को पुनर्स्थापना प्रशिक्षण देना ।

(iv) मानव संसाधन विकास का काम, दिव्यांगजनों को सरकारी एवं गैर-सरकारी स्तर पर पुनर्वास व्यवसायिकों, ग्राम्य-स्तरीय कार्यकर्ता, बहु-पुनर्वास कर्मकर्ता एवं अन्य पदधारी ।

(v) क्षेत्र के सामाजिक - सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से तालमेल हो रहे कार्यनीति अथवा पुनर्वास सेवा प्रदान करने की रणनीति का विकास करना ।

(vi) क्षेत्र में भिन्नक्षमता को ध्यान में रख, उसकी गहनता की दृष्टि से, विभिन्न ग्रुपों की आवश्यकताओं के संदर्भ में अनुसंधान और विकास करना । उत्तर-पूर्व क्षेत्र में विभिन्न दिव्यांगजनों के आवश्यकता के विशेष संदर्भ में अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रम को हाथ में लेना ।

(vii) दिव्यांगजनों में पुनर्वास संबंधी सहायक यंत्र एवं उपकरण के डिजाईन, निर्माण एवं फिटमेंट कार्य को चलाना ।

(viii) रोजगार, पुनर्वास, गतिशीलता, संप्रेषण, समाजकी अखंडता एवं मनोविनोद की वृद्धि के लिए शिक्षा एवं दक्षता विकास सेवा को हाथ में लेना ।

18.4 सेवा

यहां पर निम्न प्रकार सुविधाएं उपलब्ध हैं :

1. प्रोस्थेटिक एवं ऑर्थोटिक
2. भौतिक चिकित्सा
3. व्यावसायिक चिकित्सा
4. वाक् एवं श्रवण चिकित्सा
5. नैदानिक मनोविज्ञान

क्र.सं.	सेवा का नाम	2018-19
1.	फीजियोथेरापी	5,162
2.	आकूपेशनल थेरापी	249
3.	वाक एवं श्रवण	-
4.	मनोचिकित्सा सेवा	89
5.	प्रोस्थेटिक एवं आर्थोटिक सेवाएं	-
6.	ऑर्थोसिस	9
7.	प्रोस्थेसिस	123
8.	स्पाईनल ब्रैस	-
	एवं सर्जिकल जूते	24
	तीपहिया साईकल	
	पहिएदार कुर्सी	7
	बैशाखी (जोड)	-
	अन्य पुनर्वास संबंधी सहायक यंत्र एवं मरम्मत	-
	श्रवण यंत्र	
9.	आबंटित सहायक यंत्र एवं उपकरण	163
	कुल	**5,663**

18.5 अन्य बिंदु

(i) दि. 1 जुन 2018 को प्रशासन, बलांगीर द्वारा जिला स्तरीय ''सामर्थ्य शिविर'' का आयोजन कराया गया । इसमें सी.आर.सी., बलांगीर ने दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए भाग लिया । शिविर के दौरान 220 मरीज़ मानांकित किए गए एवं कास्टिंग भी कराया गया ।

(ii) दि. 23 जनवरी 2019 को जिला प्रशासन, सुवर्णपुर द्वारा एक राज्य स्तरीय ''कस्तुरी कैंप'' का आयोजन कराया गया । इस शिविर में आर.ए.आर.ई., सी.आर.सी., बलांगीर ने भाग लिया ।यहां पर एक प्रदर्शनी सह मूल्याकंन शिविर का आयोजन कराया गया जहां पर 250 रोगी देखे गए ।

(iii) दि. 21 मार्च 2019 को अपने परिसर में सीआर.सी., बलांगीर में विश्व वृक्षारोपण दिवस समारोह का आयोजन किया । इस अवसर पर विभिन्न वृक्ष जैसे अशोका, आम के वृक्ष एवं अन्य कई वृक्ष भवन परिसर के चारो तरफ लगाए गए ।



1 जुन 2018 को जिला प्रशासन द्वारा 'सामर्थ्य शिविर' का आयोजन कराया गया एवं इसमें सी.आर.सी. बलांगीर ने भाग लिया एवं रोगियों का मानांकन कराया गया ।

जिला प्रशासन, सुवर्णपुर एवं आर.ए.आर.ई. द्वारा 'कस्तुरी शिविर' का आयोजन कराया गया इस शिविर में सी.आर.सी., बलांगीर में भाग लिया ।

21 मार्च 2019 को सी.आर.सी. बलांगीर ने विश्व वृक्षारोपण दिवस का पालन किया ।

अध्याय - 19

सी.एस.आर. गतिविधियां

19.1 भूमिका

सी.एस.आर. का पूरा नाम कॉरपोरेट सोसिअल रेस्पनसिबिलिटि (सामूहिक सामाजिक उत्तरदायित्व) है । वातावरण एवं सामाजिक कल्याण पर कंपनी के प्रभाव के लिए उत्तरदायित्व लेना तथा उनका मानांकन के लिए प्रवर्तन कराना निगम का लक्ष्य है । विनियम अथवा वातावरण सुरक्षित समूह द्वारा अपेक्षियों से भिन्न प्रयासों के लिए यह शब्द प्रायत: लागू है ।

19.1.1 चल रही सी.एस.आर. परियोजनाएं

क. आर.ई.सी.एल. द्वारा संलग्न भवन - रु.15.89 करोड़

आर.ई.सी.एल. ने रु.15.89 करोड़ के लिए एसवीनिरतार में संस्थान को ''विकृति सुधार के लिए सर्वश्रेष्ठ केन्द्र'' के रूप में स्थापित करने के लिए एक भवन के निर्माण के लिए परियोजना को मंजूरी दी है । इस परियोजना के कार्यान्वयन के लिए भुवनेश्वर में दि 19.4.2017 को एसवीनिरतार एवं आर.ई.सी.एल. के बीच एक करार का ज्ञापन (एम.ओ.ए.) स्वीकृति के नियमानुसार स्वाक्षरित हुआ ।

100 शय्यावाला उपभवन के निर्माण कि स्थिति

निगमित सामाजिक दायित्व योजना के अन्तर्गत संस्थान के एक ''विकार सुधार के लिए उत्कृष्ट केन्द्र'' के रूप में स्थापित कराने हेतु 100 शय्या वाला उपभवन का निर्माण कार्य पूरे जोरों पर प्रगति पर है । भूतल छत का स्लैब ढलाई का कार्य संपूर्ण हो गया है एवं पहली मंजिल के छत का स्लैब ढलाई कार्य शीघ्र ही होने वाला है ।

ख. सी.ए.डी./सी.ए.एम. प्रणाली की स्थापना – रु. 2,72,65,190.00

संस्थान के प्रोस्थेटिक्स एवं ऑर्थोटिक्स विभाग में शुद्ध प्रोस्थेटिक्स एवं ऑर्थोटिक्स सॉकेट के उत्पादन के लिए स्नातक एवं स्नातकोत्तर दोनों पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों के लिए उच्च एवं प्रौद्योगिकी शिक्षा प्रदान करने के लिए 2,72,65,190.00 रुपए लागत की कैड - केम (कंप्यूटर एडेड डिजाइनिंग एवं कंप्यूटर सहायता युक्त बिनिर्माण) का सफलतापूर्वक स्थापना कराया गया । यह प्रणाली नेशनल एल्युमीनियम कंपानी लिमिटेड (नाल्को), भुवनेश्वर द्वारा उपलब्ध कराया गया है ।

19.1.2 आगामी सी.एस.आर. परियोजना

-- सी.एस.आर. पहल योजना के तहत प्रशासनिक भवन एवं प्रेक्षागृह के साथ प्रोस्थेटिक एवं ऑर्थोटिक कर्मशाला के निर्माण के लिए एन.टी.पी.सी. लिमिटेड को एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है ।

-- 50 शय्या वाला रोगी शयनागार के लिए एक प्रस्ताव प्रक्रियाधीन पर है एवं कथित प्रस्ताव के लिए शुरुआती ड्रॉइंग सी.पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा प्रस्तुत किया गया है ।

100 शय्या साला संलग्नक भवन का निर्माण

❑❑❑

अध्याय - 20

दिव्यांगजनों के अधिकार अधिनियम -2016

20.1 भूमिका

दिव्यांगता की यह प्रक्रिया मानव अनुभव की एक अपरिहार्य अंग है, एवं इसे सामाजिक वातावरण जहां से यह सृजन हुआ है, अलग नहीं किया जा सकता । सामाजिक संगठन के परिसर से बाहर इसका कोई अस्तित्व नहीं है । दिव्यांगता की अवधारणा समय - समय पर, जगह - से - जगह एवं लोगों - से - लोगों के बीच बदलती रही है । दिव्यांगजनों के सामूहिक प्रयास, एवं साधारणजनों नीति निर्धारण करने वालें एवं व्यावसायिकों के समर्थन, सहयोग से दिव्यांगजनों के लिए (समान अवसर, सुरक्षा अधिकार एवं सम्पूर्ण भागीदारी) अधिनियम - दिसम्बर 1995 का सृजन हुआ । 21 वर्ष पहले लागू वर्तमान के दिव्यांगजन अधिनियम -1995 के स्थान पर दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम (आर.पी.ड्ब्ल्यू.डी. अधिनियम -2016) पुन:स्थापित हुआ ।

20.1.1 अधिनियम के प्रमुख विशिष्टत हैं

i. दिव्यांगता के प्रकार में मौजूदा 7 से 21 में वृद्धि हुई है एवं केन्द्र सरकार के पास शक्ति है कि वह इस संख्या में अधिक प्रकार भी जोड़ सकते हैं ।

ii. 21 प्रकार के दिव्यांगता निम्नप्रकार है :-

1. दृष्टिबाधित
2. कम दृष्टि शक्ति संपन्न
3. आरोग्य हुए कृष्ठरोगी
4. श्रवण बाधित (बधिर एवं सुनने कें कष्ट)
5. चलन संबंधी दिव्यांगता
6. डवारफिस्म
7. वौद्धिक दिव्यांगता
8. मानसिक रोग
9. ऑटिस्म स्पेक्ट्रम् विकृति
10. प्रमस्तिष्क अंगघात
11. मस्क्यूलर डिस्ट्रोफी
12. बहुकालिन स्नायुगत स्थिति

13. विशेष सीखने में अक्षमता स्थिति
14. विविध स्केलेरोसीस
15. वाणी एवं भाषा विकृति
16. थालासेमिआ
17. हेमोफीलीया
18. सीक्ल सेल रोग
19. बधिर - दृष्टिबाधित सहित विविध दिव्यांगता
20. एसीड़ से आक्रमण के शीकार रोगी
21. पारकिन्शॅन रोग

